# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक : 05.06.2025

## प्रेस–नोट

आयोग द्वारा बायोकेमिस्ट (Biochemist), चिकित्सा शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, भर्ती, 2024 के पदों हेतु विज्ञापन संख्या 15/Exam/Biochemist/Med.Edu.(Gr.-1)RPSC/Ep-I/2024–25 दिनांक 27.09.2024 को जारी कर दिनांक 08.10.2024 से 06.11.2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त पदों हेतु वांछित अनिवार्य योग्यता निम्नानुसार हैः–

"(i) M.Sc. (Medical) in Biochemistry."

उक्त पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की रेण्डम/सेम्पल जाँच की गयी। उक्त जाँच में पाया गया कि कतिपय आवेदकों के पास अनिवार्य योग्यता नहीं होने के उपरांत भी आवेदन किया गया है।

अतः ऐसे अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि वे अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.06.2025 तक प्रत्याहारित (Withdraw) कर लेवें। इस हेतु ऑनलाईन Withdraw करने के लिए दिनांक 05.06.2025 से 09.06.2025 तक Link सक्रिय रहेगा।

वांछित योग्यता नहीं होने के उपरान्त भी आवेदन प्रत्याहारित (Withdraw) नहीं किये जाने पर अभ्यर्थी को आयोग द्वारा भविष्य में ली जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित (Debar) कर दिया जाएगा एवं उनके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) 2023 की धारा 217 के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

(भंवर सिंह पंवार)
वरिष्ठ उप सचिव